# कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

## प्रेस नोट

दिनांक-14.09.2023

## थाना लोहता पुलिस द्वारा दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त रोहनिया के नेतृत्व में थाना लोहता पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0-223/2023 धारा 376 भादवि से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त सतीश विश्वकर्मा पुत्र स्व0 बेचन निवासी भरथरा थाना लोहता वाराणसी, हाल पता महमूदपुर थाना लोहता वाराणसी को दिनांक-14.09.2023 को समय करीब 03.12 बजे थाना परिसर से नियमानुसार गिरफ्तार करते हुए अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का विवरण –** पीड़िता द्वारा लिखित तहरीर दी गयी कि अभियुक्त सतीश विश्वकर्मा पीढ़ा देने के बहाने घर आया था और घर में अकेला पाकर पीड़िता के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया, जिसे पति एवं परिवारीजन द्वारा पकड़कर डायल-112 के माध्यम से सूचना देकर पुलिस को सुपुर्द किया गया जिसके आधार पर थाना लोहता में अभियोग पंजीकृत कर विवेचना थानाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह द्वारा सम्पादित की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

सतीश विश्वकर्मा पुत्र स्व0 बेचन निवासी भरथरा थाना लोहता वाराणसी, हाल पता महमूदपुर थाना लोहता वाराणसी उम्र करीब 32 वर्ष

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1.थानाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।

2. हे0का0 मोनू सरोज पीआरवी 0631 थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।

3. का0 चन्द्र प्रकाश गुप्ता पीआरवी 0631 थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त**
**वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी**

